तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

9 विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दूरस्थ ग्रामों ...



10 सिटी मैराथन में भिलाई के..





## हर साल 40 हजार से ज्यादा मानव तस्करी, 19 वर्ष में केवल 4 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश में पलायन के लिए विख्यात जिले में हर साल 40 हजार से ज्यादा मजदूर दूसरे प्रांतों में भेजे जाते हैं। हजारों महिला-पुरूषों को जबरन भेजे जाने तथा बंधक बनाकर मजदूरी करने के मामले भी सामने आते रहने के बावजूद बीते 19 वर्ष में मानव तस्करी के सिर्फ चार मामले दर्ज किए गए। वहीं, अब कंट्रोल रूम में स्थापित किए गए मानव तस्कर रोधी सेल को भी बंद कर दिया गया है। जिले से इन दिनों मजदूरों का पलायन बदस्तूर जारी है। नियमानुसार अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के अंतर्गत मजदूर ठेकेदारों को मजदूरों की संख्या सहित पंजीयन कराना होता है और ले जाने से पहले श्रम विभाग को सूची देनी पड़ती है। शासकीय रिकार्ड के अनुसार जिले में 14 मजदूर ठेकेदारों ने अपना पंजीयन मात्र 2400 मजदूर ले जाने के लिए करा रखा है। जबकि, 500 मजदूर ले जाने का लाइसेंस लेकर ठेकेदारों द्वारा हजारों मजदूरों का पलायन करा चुके और उनके घरों में ताले लटक रहें हैं, जिसके चलते रबी सीजन में खेतों में काम करने के लिए गांवों में मजदूरों की कमी पड़ गई है। अन्य प्रांतों में भेजे गए तकरीबन सभी मजदूरों को पैसों का प्रलोभन देकर जबरन पलायन करने को मजबूर किया गया है। इसके बावजूद इस वर्ष किसी भी ठेकेदार के खिलाफ एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया।

### थाने तक पहुंचता ही नहीं मामला, बाहर ही सुलझ जाता है लेन देन कर

#### लगाते रहें गुहार, लेकिन सुनवाई नहीं

जिले में हर साल दीपावली के आसपास हजारों की संख्या में मजदूर पलायन करते हैं। कोविड काल के रिकार्ड में 65 से 70 हजार मजदूर पलायन कर वापस आए थे। अभी हाल ही में ग्राम नरतोरा के एक दंपति को दूसरे प्रदेश में बंधक बना लिया गया था और वे लोग प्रशासन से गुहार लगा रहे। लेकिन, उनकी अब तक सुनवाई नहीं की जा सकी है।



#### राज्य से पंजीयन, इसलिए जानकारी नहीं

जिला श्रम अधिकारी जीके पांडेय का कहना है कि मजदूर ठेकेदारों का पंजीयन राज्य स्तर के कार्यालय में होता है। इसलिए जिला कार्यालय को इसकी जानकारी समय पर मिल नहीं पाती है। पलायन कर दूसरे प्रदेश भेजे जा रहे मजदूरों से जानकारी लेने पर अधिकांश स्वेच्छा से जाना बताते हैं। कोई मजदूर शिकायत लेकर पहुंचने पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### धान के अवैध परिवहन, 350 बोरी जब्त

**महासमुंद।** जिले में सीमावर्ती ओडिशा राज्य से अवैध धान के परिवहन पर निरंतर कार्रवाई जारी है। गुरुवार देर रात को तहसीलदार ममता ठाकुर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम भिलाईदादर में थाना के आगे 350 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर गाड़ी सहित धान को जब्त कर थाना में सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि रात में धान से भरी गाड़ी ओडिशा से छत्तीसगढ़ के बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लिटियादादर ला रहे थे। उल्लेखनीय है कि ओडिशा सीमा से लगे अंतरराज्यीय चेक पोस्ट के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि धान के अवैध परिवहन व भंडारण पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

### अज्ञात लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के बैदपाली के साप्ताहिक बाजार के पास झिलमिला में 2 अज्ञात व्यक्तियों ने एक अन्य शख्स से मारपीट की। प्रार्थी देवीचन भोई रतिराम भोई (47 साल) ने सरायपाली पुलिस को बताया कि आरोपी उसे अचानक देखकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, डंडे से मारपीट करने लगे, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** बागबाहरा थानांतर्गत वार्ड 12 तेंदूलोथा में 45 साल के शख्स ने घर के म्यार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि श्यामलाल यादव पिता विशंभर यादव ने अपने घर के म्यार पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### आक्रोश : इलाज में लापरवाही का आरोप, कार्रवाई की मांग

## पेट दर्द के मरीज को कराया भर्ती मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- लापरवाही के आरोप पर अस्पताल प्रबंधन ने कहा- आरोप बेबुनियाद, मरीज को माह भर से था पीलिया



पेट दर्द का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे एक प्रधानपाठक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी सहित परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर मौजूद डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की।

मृतक की पत्नी स्थानीय रमनटोला निवासी काजल गुप्ता ने बताया कि उनके पति प्रभात गुप्ता (43) बागबाहरा विकासखंड के अमलीडीह में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ थे। गुरुवार रात उनके पेट दर्द उठा। शुक्रवार की सुबह उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहाँ ड्यूटी डॉक्टर के पूछने पर हमने बताया कि पेट दर्द होने पर पैरासिटामोल की गोली दी थी। काजल का आरोप है कि ड्यूटी डॉक्टर द्वारा उनके पति का इलाज शुरू न करते हुए उनसे घर से पैरासिटामोल टेबलेट का स्ट्रीप लाने कहा। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लगाया और जाकर अपने कक्ष में बैठ गए। इस बीच उनके पति की हालत खराब होती गई। मैनें बार-बार मौजूद डाक्टरों को बताया कि उनके पति की हालत पहले से और खराब हो रही है। लेकिन, डॉक्टरों ने नहीं सुनी।

काफी देर बाद डॉक्टर आए और जांच करने के बाद बताया कि उनके पति अब नहीं रहे। श्रीमती गुप्ता ने आरोप लगाया कि उनके पति की जान डॉक्टरों की लापरवाही से गई। यदि समय पर सही ढंग से इलाज होता तो उनकी जान बच सकती थी। इसलिए, ड्यूटी पर तैनात डाक्टरों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं अन्य परिजनों ने भी बताया कि समय पर इलाज नहीं मिला, जिससे उनकी मौत हुई।

#### अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों को किया खारिज

मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ बसंत माहेश्वरी ने बताया कि जब मरीज को यहाँ भर्ती कराया गया था तो उनकी हालत बेहद खराब थी। उनकी हृदय गति बहुत तेजी से चल रही थी। मृतक के परिजनों ने मरीज की जो हिस्ट्री बताई है उनके अनुसार उन्हें एक माह से पीलिया था और वे पिछले एक माह से केवल पेय पदार्थ ही ले रहे थे। उनका लीवर भी डेमेज हो चुका था। इस दौरान वे स्वयं इलाज कर रहे थे। मृतक की पत्नी और परिजनों का आरोप सरासर गलत है। भर्ती किए जाने के बाद ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने तुरंत ही उनका इलाज शुरू किया था। मरीज को बचाने का हर संभव प्रयास किया गया। लेकिन, उनकी मौत हो गई।

## रात्रि में चाकू और नकली पिस्तौल की नोक पर लूटने वाला गैंग हुआ गिरफ्तार





- आरोपियों ने दिन में की मोटर साइकिल चोरी और रात को दिया लूट की घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक दिन पूर्व गुरुवार को बेलसोंडा में दिनदहाड़े मोटर सायकल की चोरी और रात को लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक महिला, दो अपचारी बालक सहित पांच लोगों के गैंग को गिरफ्तार कर लिया गया है। रात में हुई लूट की घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार सभी आरोपियों को खल्लारी में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा द्वारा गठित पुलिस टीम ने अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र करना शुरू किया गया। प्रार्थी के बताए अनुसार टीम बागबाहरा की रवाना हुए। तभी खल्लारी के पास महिला सहित कुल 04 व्यक्ति मिले, जिनसे नाम पता पूछने पर महिला ने अपना नाम एम स्वर्णा पिता एम जगदीश 20 वर्ष ग्राम अनकापेल्ली विशाखापट्टनम हाल मुकाम श्याम नगर तेलगु मोहल्ला लिंक रोड पावर हाउस भिलाई एवं पुरूष ने अपना नाम सलमान अली पिता मो हुसैन 25 वर्ष वार्ड न0 16 लोधीपारा तरूणनगर थाना सिविल लाईन रायपुर तथा दो अपचारी बालक बताएं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गुरुवार को आरोपी सलमान अली और राजू चौहान पिता प्रकाश चौहान एवं दोनों नाबालिग के साथ मोटर सायकल पैशन प्रो से महासमुंद नदी मोड़ आए और बेलसोंडा फाटक के पास एक पत्थर पॉलिश फैक्ट्री के पास से एक मोटर सायकल सीजी 06 जीए 2873 खड़ी हुई थी, जिसे तीनों ने मिलकर चोरी कर लिया। इसके बाद चारों साथ में ही एक अपचारी बालक का निवास नयापारा महासमुंद के घर गए और मोटर सायकल मे पेट्रोल खत्म होने के कारण दोनों मोटर सायकल को नयापारा महासमुंद के घर छोड़कर तीनों आरोपी सलमान की गर्लफैंड एम स्वर्णा के घर अटल आवास नयापारा आए। वहां पर चोरी करने की योजना बनी।

आरोपी सलमान हमेशा अपने पास धारदार चाकू रखता है और एक अपचारी बालक लोगों को डराने के लिए नकली पिस्टल रखता है। पहले भी आरोपी सलमान एवं उसकी गर्लफैंड एम स्वर्णा रायपुर में अपचारी बालकों के साथ मिलकर चोरी एवं लूटपाट कर चुके थे। सभी आरोपी चोरी एवं लूटपाट करने की नीयत से पहले बस स्टैंड गए। लेकिन, वहां पर कोई नहीं मिला। इसके बाद बरोंडा चौक के पास एक डेयरी के पास बैठे थे कि एक पतला दुबला युवक उधर से गुजर रहा था। उसे रोककर धारदार चाकू और अपचारी बालक ने अपने पास रखे नकली प्लास्टिक के पिस्टल को दिखाकर लूट लिए। आरोपियों से चांदी की चेन, नगदी रकम और मोटर सायकल को जब्त कर लिया गया है।

आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 392, आर्म्स एक्ट 25,27 के तहत जुर्म दर्ज कर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

#### यह है मामला

प्रार्थी चंदन कुमार चंद्राकर पुराना रावण भाठा महासमुन्द ने थाना महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शुक्रवार की सुबह को मोटर सायकल हीरो फैशन प्रो क्रमांक सीजी 06 जीए 2873 से बेलसोंडा काम से गया था। रेलवे क्रासिंग के पास सितेश सोनी के फर्शी फैक्ट्री ग्राम बेलसोंडा में खडी कर मेरे दोस्त वीरेंद्र कुमार चंद्राकर की कार से निजी काम से रायपुर चले गए। रायपुर मे काम निपटाकर वापस रात्रि करीब 08.00 आकर देखे कि मोटर सायकल वहां से गायब मिली। बाइक कीमत 20, 000 रुपए को कोई अज्ञात चोरी कर ले गए। इसी प्रकार फोटोग्राफर किरण पटेल पिता सुनील पटेल 20 वर्ष ग्राम रूढा थाना सराईपाली गुरुवार को डिजिटल कैमरा रिपेयरिंग दुकान रायपुर गया था। वापसी के दौरान रात ज्यादा होने के कारण करीब 10.30 बजे वह अपने पहचान वाले के घर शहर के सुभाष नगर जा रहा था। इसी दौरान बरोंडा चौक स्थित ओम डेयरी के पास तीन पुरूष और एक महिला ने उसे रोका और बैग को खींचने लगे। युवक द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए एक युवक अपने कमर में रखे पिस्टल को निकालकर उस पर तान दिया। वहीं, अन्य युवक चाकू दिखाकर डराने लगा। दूसरा युवक गले में पहना चांदी की चेन कीमत 4000 रुपए और महिला ने पर्स में रखे आधार कार्ड, पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम कार्ड, और 1000 रुपए लूट लिए। चिल्लाने पर पास के ही मुर्गा दुकान और पान दुकान वाले बचाने आए तो चाकू दिखाकर उन्हें भी डराया गया, जिससे वे पीछे हट गए। इसी दौरान बागबाहरा की ओर जा रही विजय लक्ष्मी बस में सवार होकर फरार गए।

## ठंड के सीजन में गर्मी का एहसास कूलर, पंखा चलाने की नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- दो दिन बाद फिर से ठंड बढ़ने के संकेत, शनिवार से दिखना हो जाएगा शुरू

लगातार बदल रहे मौसम के सिस्टम से ठंड गायब हो गई है। इन दिनों पश्चिम विक्षोभ का असर बना हुआ है। जिसके चलते आसमान में बादल मौजूद हैं, तापमान में भी वृद्धि हुई है। जिससे हल्की गर्मी की स्थिति बन गई है। वहीं, मौसम विभाग की मानें तो दिन के बाद फिर से ठंड बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट संभव है। बता दें कि बीते कुछ दिनों से दिन का तापमान सामान्य से 9 डिग्री बढ़कर 30 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान का स्तर भी 16 डिग्री है। इधर गुरुवार से विक्षोभ का असर कम होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि विक्षोभ का इसके साथ ही आसमान साफ होगा। मौजूद बादल छटेंगे, जिससे तापमान में गिरावट की शुरुआत होगी। मौसम विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट हो सकती है। इससे रात में ठंड एक बार फिर बढ़ने की प्रबल संभावना है। इसका असर शनिवार से ही दिखना शुरू हो जाएगा। इधर शुक्रवार को मौसम साफ रहा। कुछ दिनों पूर्व गुनगुने धूप का आनंद लेने को तरस रहें लोगो को शुक्रवार धूप की चूभन महसूस हुई। दिन में गर्मी लगने से पंखे चलाना पड़ा। हालांकि, शाम होते ही ठंड का एहसास शुरू हो गया।

## पिस्टल और चाकू अड़ाकर युवक से लूटा 5 हजार का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- घटना में तीन युवक और एक महिला भी शामिल, रोडवेज की बस से हुए फरार

पिस्टल और चाकू की नोक पर तीन युवकों और एक महिला ने युवक को निशाना बनाया। गुरुवार-शुक्रवार की रात शहर के बरोंडा चौक में हुए लूट के मामले में तीन युवकों के साथ एक महिला भी शामिल रही। पिस्टल और चाकू देख युवक ने रात तकरीबन साढ़े 10 बजे लोगों के मदद की गुहार लगाई लेकिन, जब तक मदद पहुंचती तब तक तीनों लुटेरे युवक और महिला बागबाहरा की ओर जा रही बस में सवार होकर फरार हो गए। घटना में युवक से तकरीबन साढ़े 5 हजार की लूट हुई है। मामले में चारों आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

फोटोग्राफर किरण पटेल पिता सुनील पटेल 20 वर्ष ग्राम रूढा थाना सराईपाली गुरूवार को डिजिटल कैमरा रिपेयरिंग दुकान रायपुर गया था। वापसी के दौरान रात ज्यादा होने के कारण करीब 10.30 बजे वह अपने पहचान वाले के घर शहर के सुभाष नगर जा रहा था। इसी दौरान बरोंडा चौक स्थित ओम डेयरी के पास तीन पुरूष और एक महिला ने उसे रोका और बैग को खींचने लगे। युवक द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए एक युवक अपने कमर में रखे पिस्टल को निकालकर उस पर तान दिया। वहीं, अन्य युवक चाकू दिखाकर डराने लगा। दूसरा युवक गले में पहना चांदी की चेन कीमती 4000 रुपए और महिला ने पर्स में रखे आधार कार्ड, पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम कार्ड, और 1000 रुपए लूट लिए।

चिल्लाने पर पास के ही मुर्गा दुकान और पान दुकान वाले बचाने आए तो चाकू दिखाकर उन्हें भी डराया गया, जिससे वे पीछे हट गए। इसी दौरान बागबाहरा की ओर जा रही विजय लक्ष्मी बस में सवार होकर फरार गए। आरोपियों के खिलाफ धारा 392 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गांजा तस्करी मामले में दो युवकों को 20 साल का कठोर कारावास

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के अपराध में लिप्त जिला आरा भोजपुर बिहार के दो युवकों को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) एक्ट महासमुंद लीलाधर सारथी ने 20 वर्ष की कठोर कैद और दो-दो लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर 10 सितंबर 2020 को थाना कोमाखान निरीक्षक प्रदीप मिंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम टेमरी फॉरेस्ट नाका पहुंचकर नाकेबंदी की थी। तभी खरियार रोड (ओडिशा) की ओर से ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 41 एच 0832 आया। ट्रक को रोककर उसमें सवार दो लोगों से पूछताछ की गई। जिस पर एक ने अपना नाम मोहम्मद कलूट मनसुली पिता मो. सुल्तान मनसुली 45 वर्ष निवासी ग्राम बीबी गंज चकिया, थाना मोफासिल, आम तहसील, जिला आरा भोजपुर बिहार तथा दूसरे ने अपना नाम महेश पासवान पिता श्रीकृष्णा पासवान 19 वर्ष निवासी चितकुंडी चकिया, थाना आम मोफासिल, जिला आरा भोजपुर बिहार बताया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ गांजा को भवानीपटना ओडिशा से बिहार के आरा जिला ले जा रहे थे। ट्रक की तलाशी लेने पर डाला में खाली कैरेटों में छिपाए हुए 34 बोरों में भरा 183 पैकेटों में 9.13 क्विंटल गांजा मिला। दोनों के विरूद्ध कोमाखान में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के अपराध के लिये न्यायालय ने कल दोनों को धारा 20 (ख) (प) (ग) के अपराध के लिए 20.20 वर्ष के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को दो-दो लाख रुपए के अर्थदंड तथा अर्थदंड न पटाने पर प्रत्येक को 1 वर्ष के सश्रम कारावास पृथक से भुगतने की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र साहू ने पैरवी की।

### जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने की शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई

## अवैध शराब जब्त, आरोपियों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामलों में कार्रवाई की है। कलमीदादर के कालीदरहा बांधा के पास बलौदा पुलिस ने दो लोगों से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विवेक मुन्ना पिता मगन मुन्ना (23 साल) निवासी ग्राम बैतारी और रविशंकर कंद पिता भुवनेश्वर कंद (30 साल) निवासी ग्राम डोंगीझर बलौदा के पास से 8000 एमएल महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

इसी तरह पिथौरा पुलिस गौतम ठाकुर पिता जेठूराम ठाकुर निवासी जम्हर से उसके घर की बाड़ी से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किए। वहीं सहसराम बरिहा पिता अमर सिंह बरिहा (50 साल) निवासी खुसरूपाली के पास से बड़गांव जाने के रास्ते में 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किया है। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

तुमगांव पुलिस ने ग्राम जोबा से कुकराडीह रोड पर बाइक के जरिए शराब का परिवहन कर रहे आरोपी



शंकर ध्रुव पिता जहुर सिंह (35 साल) निवासी मालीडीह के पास से 6300 एमएल देशी प्लान शराब कीमत 2800 रुपए को जब्त किया है। बसना पुलिस ने आरोपी लच्छीराम पटेल पिता साखाराम (29 साल) ग्राम नवगड़ी के घर की बाड़ी से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया हैं। वहीं ग्राम जमदरहा रोड पुल के पास बाइक से शराब का परिवहन कर रहे आरोपी धरम सिंह चौहान पिता चिंताराम (50 साल) निवासी ग्राम बेलटिकरी से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त किया गया है। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए), 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं पटेवा पुलिस ने ग्राम रायतुम के भारत ठाकुर पिता पिलादाऊ ठाकुर (26 साल) के पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज किया है।

इसी प्रकार तेंदूकोना पुलिस ने ग्राम सम्हर में लोकेश कुमार चौहान पिता पिलाबाबू चौहान (29 साल) निवासी ग्राम रेवा के पास से 3060 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1360 रुपए को जब्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय विवि शतरंज प्रतियोगिता में संजीता और नेहा का चयन

**बसना।** ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी लेवल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 11 जनवरी के मध्य आयोजित मेघालय में हुआ। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। यह टीम राजकोट गुजरात में 23 जनवरी से आयोजित ऑल इंडिया शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इस टीम में शामिल संजीता साहू बीए प्रथम वर्ष, शासकीय महाविद्यालय पिथौरा एवं नेहा प्रधान बीएससी अंतिम, वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परसवानी, सांकरा क्षेत्र का नाम रौशन किया है। दोनों बालिका समय निकालकर चेस क्लब परसवानी में अभ्यास करते थे। दोनों बालिकाओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, चेस क्लब परसवानी के कोच अखिलेश कुमार कर तथा अपने कॉलेज के समस्त स्टाफ को दिया है।

### कन्नौजे सेन समाज की बैठक आज मचेवा में

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ कन्नौजे सेन समाज की आवश्यक बैठक आज मचेवा (महासमुंद) में आयोजित होगी। इस अवसर पर प्रमुख रुप से केंद्रीय अध्यक्ष गंगाराम सेन, उपाध्यक्ष दाऊलाल सेन, मिथलेश सेन, हरीशचंद्र सेन, चिंताराम मिमतरिहा (महासचिव) एवं महामंत्री टेकराम सेन प्रमुख रुप से उपस्थित होकर समाज में मार्गदर्शन प्रदान करते हुये सामकाजिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। केन्द्रीय प्रवक्ता एवं महामंत्री टेकराम सेन ने बताया कि बैठक मचेवा स्थित सेन भवन में 11 बजे से प्रारंभ होगी। जिसमें प्रमुख रुप से सामाजिक नियमों एवं प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में महासमुंद परिक्षेत्र के अध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर आवश्यक मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर ने अपील की है कि सामाजिक बैठक में उपस्थिति प्रदान करते हुए सामाजिक एकता का परिचय दें। आवश्यक बैठक में पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद सेन, त्रिलोक सेन सहित समाज प्रमुखों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उक्त जानकारी पुरुषोत्तम सेन ने दी है।

# राष्ट्रीय आविष्कार के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



समग्र शिक्षा द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी के आदेशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल सहित अपने-अपने संस्था प्रमुखों मार्गदर्शक टीचरों के संयुक्त मार्गदर्शन सहयोग से विकासखण्ड के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने टीम प्रभारी शिक्षक यशवंत कुमार चौधरी के साथ इसमें प्रतिभागिता कर उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया।

जिसमें विकासखंड से फणीश्वर राज बीसी, अपूर्वा पटेल, दुर्गाशंकर साहू (मिडिल स्कूल बोंदा), कुलदीप भोई शाप्राशा सिरबोड़ा ने कांटे की टक्कर देते हुए प्रारंभिक स्तर (प्राथमिक एवं मिडिल) पर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं अमित पटेल, भवानी पटेल (शाउमावि मोहदा), निक्की त्रिपाठी ( मासगो मंदिर स्कूल ) ने माध्यमिक स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। व्याख्याता प्रेमकुमार पटेल, शिक्षक गिरधारी पटेल, सहा.शिक्षिका जंबू पटेल ने बच्चों का खूब उत्साहवर्धन किया। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कमल नारायण चंद्राकर, सेजेस (हिंदी माध्यम) प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, एपीसी-डीएन जांगड़े, आरके साहू, एमपी साहू, विद्या साहू, कार्यक्रम प्रभारी, एपीसी संपा बोस, बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, व्याख्याता प्रमोद कन्नौजे, डीएनओ जगदीश सिन्हा, जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के सदस्य एवं निर्णायकगण - सुबोध कुमार तिवारी, विवेक कुमार वर्मा, खेमराज साहू, यशवंत कुमार चौधरी एवं शिक्षिका भारती सोनी, एफएलएन पीएमयू प्रियंका पटेल सहित मार्गदर्शक टीचर्स, उत्साही पालकों आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिभागियों को मोमेंटो, प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया।



### चेंबर ऑफ कॉमर्स का हुआ सम्मान समारोह

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री के महासमुंद इकाई द्वारा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुंद के विभिन्न व्यवसायिक संगठनों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति दी गई एवं अपने सुझाव रखे। मेडिकल एसोसिएशन से अनवर अरशी, सराफा व्यापारी संघ से हेमंत मालू, रेडीमेड गारमेंट्स एवं कपड़ा व्यवसाय गुमान कोचर, राइस मिल संघ से रमेश साहू, फर्शी पत्थर व्यवसाय संघ से धीरेंद्र लोणारे, बिरकोनी औद्योगिक संघ से कैलाश राठी, किराना व्यवसाय संघ से बद्री नारायण माहेश्वरी एवं अमित अग्रवाल , होटल एवं रेस्टोरेंट संघ से राजकुमार राठौर, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन से अजय अग्रवाल, बीज भंडार संघ से भूपेंद्र चंद्राकर, टेंट हाउस से बंटी चावला, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय संघ से पप्पू मक्कड़ एवं कृष्ण कुमार चंद्राकर, गोल बाजार व्यापारी संघ से दिलीप कृष्णानी, मेहुल सूचक, विजय इसरानी, पेट्रोल पंप संघ से विट्ठल चांडक एवं हर्ष चंद्राकर, फ्लाई ऐश फैक्ट्री संघ से देवेंद्र चंद्राकर, गौरव चंद्राकर एवं आनंद गिरि, टॉकीज संचालक प्रकाश साकरकर, सब्जी व्यवसाय संघ से संतोष चंद्राकर, साहू चाय के संचालक भाऊराम साहू, फर्नीचर व्यवसाय संघ से टेकराम साहू, संजय चंद्राकर, दयालु चंद्राकर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में महासमुंद के व्यापारी एवं उद्यमी धरम (सेठ), विट्ठल दास चांडक, हेमंत मालू, विजय इसरानी, रमेश साहू, बसंत लूनिया, बंटी चावला एवं ममता राठौर का सम्मान फल एवं शाल देकर विधायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में धरम श्रीश्रीमाल ने अपने अनुभव साझा किए। महासमुंद शहर के विकास के लिए अपने विचार रखें। विधायक योगेश्वर सिन्हा भी व्यापारियों को संबोधित किया और व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि मैं हर समय व्यापारियों के सहयोग के लिए उपस्थित रहूंगा। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री के इकाई अध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर एवं महामंत्री गुमान कोचर ने सभी का आभार प्रकट किया।

# वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




हिंदी विभाग एवं सांस्कृतिक साहित्यिक, युवा गतिविधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में निबंध लेखन, भाषण एवं मौलिक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत में युवा की भूमिका दिया गया था। मौलिक लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वरचित कविता, लघुकथा एवं संस्मरण का वाचन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई द्वारा विश्व पटल पर हिंदी की बढ़ती महत्ता पर रोचकपूर्ण वक्तव्य दिया गया। हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ चंद्रिका चौधरी ने हिंदी भाषा की लोकप्रियता एवं विश्व स्तर में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार संबंधित महत्त्वपूर्ण बातें रखीं। विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में हेमलता पटेल (बीएससी तृतीय वर्ष) -प्रथम, पार्वती पुलस्त (बीएससी द्वितीय वर्ष)- द्वितीय, खिलेश्वरी पटेल (बीएससी प्रथम वर्ष) -तृतीय स्थान प्राप्त किए। भाषण प्रतियोगिता में नंदनी सोनी (बीएससी द्वितीय वर्ष)- प्रथम, मेघा दास (बीएससी तृतीय)-द्वितीय, नमेश कुमार डडसेना (बीएससी तृतीय वर्ष)- तृतीय स्थान प्राप्त किए। मौलिक लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत कविता लेखन में मेघा दास (बीएससी-तृतीय)-प्रथम, कामिनी पटेल (बीएससी-द्वितीय)-द्वितीय, (रीना साव बीए- प्रथम) व नोबिना चौहान (बीए- द्वितीय) ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। संस्मरण लेखन में आशा नंद (बीए -द्वितीय)ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लघु कथा लेखन में निशा सिदार (बीएससी- द्वितीय)- प्रथम, सोनम पटेल (बीएससी- प्रथम)- द्वितीय, रोशनी बंछोर (बीएससी- प्रथम)- तृतीय स्थान प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ी कविता लेखन में सिंधु जगत (बीएससी- तृतीय)ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन आरती साहू एवं आभार प्रदर्शन अनिल तांडी ने किया।



### विधायक ने की सरपंचों से चर्चा

**महासमुंद।** जनपद पंचायत सभागार में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधानसभा क्षेत्र के समस्त सरपंचों की बैठक लेकर आगामी बजट के लिए चर्चा की। साथ ही बजट में शामिल करने के लिए सरपंचों को प्रस्ताव बनाने की बात कही।

### कलश यात्रा...

**तेंदूकोना।** ग्राम सम्हर में अक्षत कलश यात्रा मंडल अध्यक्ष पीलेश्वर पटेल के अगुवाई में रामधुनी गाते पूरी गांवों में 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या राम जन्म भूमि मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण दिया गया।



### रोहिना स्कूल में मनाया गया युवा दिवस

**सरायपाली।** शासकीय हाई स्कूल एवं उच्च प्राथमिक शाला रोहिना में विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल व्याख्याता कमलेश साहू, केके साहू, शिक्षक एसके पटेल, एके पटेल, कैलाश कमार के द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां भारती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर एके जायसवाल ने स्वामी विवेकानंद से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए उनके जीवन चरित्र को आत्मसात करने की अपील की। व्याख्याता कमलेश साहू ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद एक महान दार्शनिक, चिंतक, लेखक, आध्यात्मिक गुरु थे, जिन्होंने विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति को पुनःस्थापित करने का महान कार्य किया। वे युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उनका जीवन चरित्र आज भी युवाओं के लिए प्रासंगिक है।

### अवैध धान परिवहन पर खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

**दंतेवाड़ा।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं खाद्य विभाग द्वारा अवैध धान के परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में 7 जनवरी को खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और कृषि उपज मंडी गीदम की संयुक्त टीम द्वारा व्यापारी भगवानदीन पासवान के वाहन क्रमांक सीजी 18 एन 2523 को कुआकोंडा थाने के समीप रोका गया। जिसमें व्यापारी भगवानदीन पासवान के द्वारा 32 बोरी धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। व्यापारी से धान के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त धान को जगरगुंडा जिला सुकमा से लाया जाना बताया। धान के परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज व्यापारी द्वारा प्रस्तुत नहीं करने के कारण उक्त वाहन में रखे गये 32 बोरी धान को कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत जप्त किया गया। इस कार्रवाई में महेश कश्यप तहसीलदार कुआकोंडा, भास्कर शर्मा थाना प्रभारी कुआकोंडा, प्रमोद सोनवानी खाद्य निरीक्षक कुआकोंडा, सचिन कुमार खाद्य निरीक्षक कटेकल्याण और बालमुकुंद यादव मंडी उपनिरीक्षक गीदम शामिल रहे।

# महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका से मिली नपाध्यक्ष राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेत्री अलका लांबा को कांग्रेस कमेटी द्वारा

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए दी जिम्मेदारी, राशि ने अलका को महासमुंद आने किया



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर शुक्रवार को उनके दिल्ली स्थित निवास में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सौजन्य मुलाकात की। लांबा ने भी राशि त्रिभुवन महिलांग को स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए देश के पूर्वी जोन में महासमुंद शहर को प्रथम पुरस्कार मिलने पर हर्ष जताया। नपाध्यक्ष ने अलका लांबा को महासमुंद आगमन के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए जल्द महासमुंद की जनता से मिलने के लिए आने की बात कही। इस दौरान श्रीमती लांबा ने श्रीमती महिलांग से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर लंबी चर्चा की और कुछ महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। इस दौरान उनके साथ युवा कांग्रेस के प्रदेश संयोजक आरिश अनवर मौजूद रहे।

### युवाओं को नशे से दूर रहने किया प्रेरित



**महासमुंद।** महार्षि विद्या मंदिर मचेवा में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं महर्षि महेश योगी की पुण्यतिथि पर 12 जनवरी को युवा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा गुरुजनों व विद्यार्थियों संबोधित किया गया। अपने संबोधन में विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि महर्षि महेश योगी एवं स्वामी विवेकानंद के योगदान को देशवासियों को नहीं भूलना चाहिए। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। छग वर्तमान में 23 वर्ष का युवा राज्य है। युवाओं के सामर्थ्य को सार्थक दिशा में लगाने आव्हान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, जनपद सीईओ मिशा कोसले, महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य आरके तिवारी, कॉलेज प्रिंसिपल डॉ अनुसुईया अग्रवाल उपस्थित रहे।

### अभिनंदन



**महासमुंद।** शांत्री बाई कॉलेज महासमुंद में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को नेहरू युवा केंद्र राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिंहा का अभिनंदन किया गया।

# नई सरकार से अपेक्षाएं एवं विकास पर सर्व समाज का महासम्मेलन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में नए सरकार से अपेक्षाएं एवं विकास के मुद्दों पर 10 जनवरी को सर्व समाज समन्वय महासभा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजीव कर्माकर एवं एसआर बंजारे के संयोजन में महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर, अघरिया पटेल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, अखिल भारतीय यादव महासभा से आरए यादव विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रुप में शिव शंकर पटनायक राष्ट्रीय साहित्यकार एवं अध्यक्षता प्रगतिशील छग सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष आरपी भतपहरी ने की।

मुख्य अतिथि शिव शंकर पटनायक ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नये सरकार से सर्व समाज को बड़ी अपेक्षाएं हैं, जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य एवं मूलभूत आवश्यकताएं समाहित हो। अध्यक्षता करते हुए आरपी भतपहरी ने कहा कि हमारे संस्कृति एवं संस्कारों पर निरंतर प्रहार हो रहा है, जिसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारी लता ऋषि चंद्राकर, पुरुषोत्तम पटेल, आरए यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी समाज के बीच समरसता के वातावरण के साथ सामाजिक उत्थान के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा।

मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित उदयमान चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज निरंतर जल, जंगल जमीन की लड़ाई लड़ रहा है। नई सरकार से अपेक्षा है कि दलित, पिछड़े एवं आदिवासी समाज के विकास के लिए कदम उठाएं। सर्व समाज की ओर से प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री छग के नाम प्रस्ताव पारित कर प्रेषित किया गया। महासमुंद में विश्वविद्यालय की स्थापना, सिरपुर, बारनयापारा, तुरतुरिया, चम्पारण, शिवरीनारायण पर्यटन स्थल पर कॉरिडोर की स्थापना, गिरौदपुरी धाम, राष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित हो। बलौदाबाजार जिला का नाम बदलकर संत गुरुघासीदास के नाम पर रखा जाए। कोल माइंस में भ्रष्टाचार खत्म करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाये जैसे महत्वपूर्ण विषय समाहित है।

इस अवरर पर प्रमुख रुप से प्रेमलाल सिन्हा पूर्व महासचिव कमार समाज, भीखम सिंह ठाकुर आदिवासी समाज, दिनेश बंजारे छग प्रगतिशील सतनामी समाज, अशोक गिरि गोस्वामी गोस्वामी समाज, राजेंद्र नायक मरारा माली समाज, तारा चंद्राकर कुर्मी समाज, राजू यादव, मनोहर मोहंती, रामकृष्ण मिरी, मनोज अग्रवाल, रमेश लहरे, नारायण लाल साहू, हलधर साहू, मानिकराम मन्नाडे, कुंजराम निषाद, लक्ष्मी अग्रवाल, संजय अग्रवाल, गिरधारी लाल साहू, कोलता समाज उपस्थित थे। सेन समाज प्रदेश समन्वयक टेकराम सेन ने बताया कि सामाजिक सरोकारों के साथ सरकार विकास को प्राथमिकता दे यही इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र मानिकपुरी एवं आभार डॉ. संजीव कर्मकार ने किया।

# युवाओं को स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नेहरू युवा केंद्र एवं शांत्री बाई वाणिज्यिक एवं कला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विधायक सिन्हा ने विवेकानंद के जीवनी पर अपना व्याख्यान दिए। तत्पश्चात सुरेश शुक्ला ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके बताए मार्ग पर चलकर युवा अपनी शक्ति को पहचान सकते हैं। क्योंकि, राष्ट्र का भविष्य देश के युवा पर निर्भर करता है। किसी भी देश के लिए यहां बेहद जरूरी है कि वह अपने युवाओं को सही दिशा दें। ताकि, यह सुनिश्चित हो सके कि भविष्य उज्जवल हो युवाओं को जिम्मेदारी की भावना से संयुक्त होना चाहिए। युवा वर्ग किसी भी देश के लिए आशीर्वाद के समान है। क्योंकि वह ही देश के भविष्य को परिभाषित करते हैं। युवा दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नासिक में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जो कार्यक्रम हुआ, उसके उद्घाटन को लाइव स्क्रीनिंग की गई तथा युवाओं को दिखाया गया। वहां उपस्थित सभी युवाओं को डायरी, पेन, चाकलेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवक, युवतियों द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य का भी मनमोहन प्रदर्शन किया गया। पश्चात नेहरू युवा केंद्र द्वारा 25 युवक युवतियों को यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर टी-शर्ट एवं कैप वितरित किया गया। शांत्री बाई वाणिज्यिक एवं कला महाविद्यालय से यातायात विभाग तक होते हुए सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संदीप दीवान (सांसद प्रतिनिधि), राहुल चंद्राकर (अध्यक्ष) , प्राचार्या सविता चंद्राकर, सुरेश शुक्ला ( संचालक निदान सेवा संस्थान), रामकुमार साहू रहे। कार्यक्रम में एमटीएस ब्रिजेश सिंह चंदेल, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अंजली शर्मा, केदारनाथ दीवान, रुपसाय चौहान,

# भारतीयता की सहज अभिव्यक्ति है हिंदी: पौराणिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व हिंदी दिवस पर आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा एस चंद्रसेन के निवास स्थान त्रिमूर्ति कालोनी में मातृभाषा का संकट विषय पर संगोष्ठी का आयोजन साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्षीय आसंदी से पौराणिक ने कहा कि भारतीय राष्ट्र की इमारत किसी विदेशी भाषा की नींव पर खड़ी नहीं हो सकती। स्वच्छ और शुद्ध मस्तिष्क महत्वपूर्ण विचारों को मातृभाषा में ही समझ और व्यक्त कर सकता है। एस चंद्रसेन ने कहा कि मातृभाषा पीढ़ी पर पीढ़ी विचारों के हस्तांतरण का सशक्त माध्यम है इसे अक्षुण्ण रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी तीन दशकों में अधिकांश भाषाएं समाप्त होने के कगार पर पहुंच जाएगी। इसके लिए न तो हम गंभीर है और न चिंतित।

डॉ साधना कसार ने कहा कि हमें अपनी भाषाओं पर गर्व होना चाहिए। भाषा हमारी अस्मिता की पहचान है। इस अवसर पर सरिता तिवारी, कमलेश कुमार पांडेय, सुरेंद्र अग्निहोत्री, सुजाता विश्वनाथन, एमआर विश्वनाथन ने कहा कि मातृभाषा आज संकट के दौर से गुजर रही है। हमें अपनी मातृभाषा को समृद्घ करते हुये हिंदी को विश्व मंच तक अग्रणी बनाना होगा।

साहित्यकार टेकराम सेन ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय गरिमा एवं एकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय मर्यादा और भारतीयता की सहज अभिव्यक्ति है। हमें सतत हिंदी के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। उक्त जानकारी एमआर विश्वनाथन ने दी है।

